आज जो भारत में अपार जनसमूह दु:खी और कुंठित है तो इसलिए क्यूंकि वह अपनी क्षमता और प्रतिभा के प्रति समर्पित नहीं है और श्रेष्ठता की बजाय धन वैभव और भोग को उन्होनें जीवन का लक्ष्य बना रखा है। आमतौर पर सांसारिक उपलब्धियां बड़ी आसानी से समझौतों से हासिल हो जातीं हैं लेकिन प्रतिभा का निखार आत्मनिष्ठा और अतुलनीय साहस मांगता है और इस तप का वरदान ही आनंद होता है। जीवन के सात्विक कर्मों का निर्वहन जब नैतिकता और प्रेम के सहज प्रताप से होता है तो आनंद की अनुभूति होती है पर लोग व्यक्तिगत संबंधों और स्वास्थ्य की उपेक्षा कर धन–वैभव की ऐसी अंधी दौड़ में फंसे रहते हैं जिसका सफर अखबार के पन्नों से हो कर कचरे के डिब्बे पर जाकर समाप्त होता है। कोई नहीं समझता कि तमाम पुरस्कार, उपलब्धियां और तालियाँ काल के अनंत कैनवास पर सड़ जाते हैं और जीवन का सही मूल्यांकन या पुरूस्कार सिर्फ हमारी आत्म संतुष्टि और आनंद की पूंजी ही है।

जो भी विश्व में अमर हुआ है उसके जीवन का निचोड़ यही है की वह अपनी लक्ष्य और प्रतिभा के प्रति समर्पित और निष्ठावान रहा चाहे वो कबीर हो या नानक, पेले हो या रफी साहब, गांधी हो या लिंकन। आज जब ज्यादातर व्यक्ति अपनी प्रतिभा के प्रति संवेदनशील नहीं हैं और उनकी ऊर्जा नैतिक मूल्यों और सृजनात्मक कार्यों को समर्पित नहीं है, तो कोई आश्चर्य नहीं कि उनके मन में अथाह निराशा और व्यथा का साम्राज्य है। सच तो ये है कि आप कितने ही धनवान या ताकतवर क्यूँ ना हो जाएँ, अगर आप स्वयं से खुश नहीं हैं तो आपका जीवन व्यर्थ है। जो भी प्रेम, आत्मविश्वास और आत्मसंतुष्टि से रहित हैं वो निश्चित ही दुनिया के सबसे बड़े कंगाल हैं।



## गणतंत्र दिवस समारोह
## 26 जनवरी, 2013

समर्पण संस्था के सदस्यों ने समाज के असहाय एवं पीड़ित लोगों की सहायता हेतु जागरूकता अभियान के तहत जयपुर मैराथन में जोर शोर से हिस्सा लिया। मैराथन की शुरुआत रामनिवास बाग से हुई जो जवाहर लाल नेहरू मार्ग से होते हुए जवाहर सर्किल पर समाप्त हुई ।









## मैराथन दौड़ में भागीदारी
## 27 जनवरी, 2013

समर्पण संस्था द्वारा संस्था के प्रधान कार्यालय पर गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया । इस अवसर पर संस्था के सभी सदस्य एवं समाज के गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे । कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ की गई।







## पक्षियों हेतु परिंडे
## 6 मई, 2013

ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए समर्पण संस्था के सदस्यों द्वारा पक्षियों के पीने हेतु पानी की सुविधा करने के उद्देश्य से प्रताप नगर स्थित पार्क में परिंडे लगाने का कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें संस्था के सदस्यों ने बढ़–चढ़कर बड़े उत्साह के साथ भाग लिया ।








## प्याऊ का लोकार्पण
## 8 मई, 2013

समर्पण संस्था के सदस्यों द्वारा भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए आम जनता को ठन्डे पानी की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्द्येश्य से प्याऊ का लोकार्पण किया गया जिससे राहगीरों को ठंडा एवं स्वच्छ जल पीने हेतु मिल सके। प्याऊ का लोकार्पण संस्था के अध्यक्ष एवं माननीय सदस्यों की उपस्थिति में श्री बाबा भारत द्वारा फीता काटकर किया गया । प्याऊ के संचालन हेतु संस्था द्वारा वहाँ पर एक महिला कर्मचारी की नियुक्ति की गई जिससे वहाँ पर आने वाले राहगीरों को दिनभर ठंडा एवं स्वच्छ जल प्राप्त हो सके ।







## निःशुल्क जाँच एवं दन्त चिकित्सा शिविर का आयोजन
## 16 जून, 2013

समर्पण संस्था द्वारा त्रिवेणी डेंटल क्लिनिक के सहयोग से निःशुल्क दन्त चिकित्सा एवं जाँच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें काफी मात्रा में दन्त रोग से पीड़ित लोगों ने जाँच करवाकर चिकित्सा एवं परामर्श का लाभ प्राप्त किया ।








## स्वतन्त्रता दिवस समारोह
## 15 अगस्त, 2013

समर्पण संस्था द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि कर्नल एस. एस. शेखावत तथा विशिष्ट अतिथि स्वामी बाबा भारत, श्री रूप नारायण यादव, श्री किशन लाल यादव आदि मौजूद थे । कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई ततपश्चात सभी को एक एक पौधा अपने अपने घरों पर लगाने के लिए उपहार स्वरूप दिया गया ।








# रक्तदान – एक श्रेष्ठ मानव सेवा



पी.सी. बेरवाल
(Senior I.A.S.)

दिनांक 30.04.2017 को समर्पण संस्था द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संस्था के मित्र ने बतौर विशिष्ठ अतिथि मुझे भी कार्यक्रम में आने के लिए अनुरोध किया इस रक्तदान शिविर में कुल 54 यूनिट रक्त संग्रहीत हुआ।

समर्पण संस्था ने इस अवसर पर ''आनन्द व आत्मसंतुष्टि की पराकाष्ठा–मानव सेवा'' विषय पर विचार गोष्ठी भी रखी थी। इस कार्यक्रम में उक्त विषय पर गहरी पकड़ रखने वाले महानुभाव भी आये। स्वाभाविक रूप से सभी को अपने विचार व्यक्त करने का अवसर मिला।

मुझे भी यहाँ कुछ कहने का सुअवसर मिला, यही सही है कि संसार में मानव से इतर कोई भी प्राणी हर दृष्टिकोण से मानव से कमतर है। मनुष्य संसार में परमात्मा की सर्वश्रेष्ठ और परिपूर्ण कृति है। जहाँ तक रक्तदान की बात है, इसकी महत्ता और आवश्यकता पर सभी एकमत है, इसकी कमी के कारण अनेकों बिमारियाँ संभावित हैं। इसका शुद्ध एवं स्वस्थ होना भी नितान्त जरूरी है। खैर ये बाते चिकित्सा से संबंधित हैं। हम सामान्य जन के लिए तो यह जानना और मन से स्वीकार करना जरूरी है कि दुर्घटनाओं में रक्त की आवश्यकता होती है। कृत्रिम रक्त अभी बना नहीं है तथा कहाँ, कब, कैसे, निर्मित एवं उपयोगी होगा भविष्य के गर्भ में है।

तथापि यह पूर्ण सत्य है कि रक्त की आवश्यकता होने पर और उसकी समयोचित पूर्ति होने पर अनेकों अमूल्य जीवन बचे हैं। शल्य क्रियाओं के दौरान भी रक्त की उपलब्धता जीवन रक्षक होती है। मनुष्य को रक्तदान करने से कोई हानि नहीं बल्कि नियमित रक्तदान से रक्त संचार की प्रक्रिया प्रभावी और शरीर स्वस्थ होना मानते हैं। रक्तदान एक महादान है जो संकट के क्षणों में जीवन को बचाता है। वैसे सभी दान मानव के कल्याण और सेवा के लिए है। सेवा करने के अनेकों प्रकार है जैसे अर्थ सहायता, शोक सांत्वना, शक्ति सहायता, उचित सलाह, वैचारिक दृष्टिकोण को संयमित करना आदि। परन्तु उनका मुख्य उद्देश्य व भाव एक ही है कि सेवा से आत्मसंतुष्टि होती है या होनी चाहिए।

परन्तु अपना रक्त निकालकर देना एक विशेष प्रकार का दान या संदेश है जैसे किसी दूसरे से खूनी रिश्ता जुड़ जाना। रक्त का शरीर के भीतर संचार एक मौलिक क्रिया है परन्तु जब कभी रक्त का शरीर से बाहर रिसाव होता है जैसे कोई आपात स्थिति, शरीर पर स्वयं के किसी कारणवश खरोंच या फिर कोई लड़ाई झगड़ा होने के कारण रक्त शरीर के बाहर आ जाये तो यह चोट गहरी भीतर तक जाती है और भय तथा घबराहट की स्थिति बन जाती है। जीवन को संकट में डालने वाली घटनाओं से यदि खून बह गया तो फिर यह घटना परिवार से परे चिकित्सा, पुलिस एवं न्यायिक संस्थाओं तक पहुँच जाती है।

रक्त का संचार सांसों से जुड़ा हुआ है। हम जितनी गहरी सांस लेते और छोड़ते हैं उतना ही खून के समस्त तंतुओं को सांस स्वस्थ और मजबूत बनाती है। अच्छे कार्यों की शुरूआत स्वयं से प्रारम्भ हो तो अन्य लोग उसका अनुसरण करेंगे। केवल उपदेश देने से अनुसरण करें यह आवश्यक नहीं है। कहावत है – ''पर उपदेश कुशल बहुतेरे''।




प्राणी जगत में मनुष्य की श्रेष्ठता इस कारण है कि वह मूल रूप से मानव सहायता, सेवाभाव, परोपकार, प्रेम, दया के हृदयभावी गुणों से ओत–प्रोत है। यह जो मानव सेवा की परिणिति है वह उसे आत्मसंतुष्टि की ओर ले जाती है। अन्य भौतिक सुख सुविधाओं, भोग विलासों से शारीरिक संतुष्टि होती है, कदाचित मानसिक संतुष्टि कुछ समय तक हो, पर स्थायी, सतत संतुष्टि तो आत्मसंतुष्टि ही है। यदि आत्मसंतुष्टि नहीं है तो अन्य क्रियाकलाप पूर्णरूपेण सही नहीं है ये निष्कर्ष होगा।

सेवा भाव से मानव आत्मसंतुष्टि के मार्ग पर निरन्तर चलता रहे तो एक दिन आनन्द की स्थिति में पहुँचने की संभावना है। सेवा भाव, निस्वार्थ, परोपकार, बिना किसी फल की इच्छा के मनुष्य सतत कर्मशील रहता है तो वह स्थिति आना संभव जिसे आनन्द कहते हैं। आनन्द का प्रत्यक्ष में कोई विपरीत शब्द नहीं। जहाँ अस्तित्व, परमतत्व के साथ आत्मसात हो जाना या सर्वोच्च शक्ति से एकाकर हो जाना। जैसे बूंद का सागर में मिल जाना। कभी कभी हम कह ही देते हैं कि मन आनन्दित हो गया। शायद कुछ पल, क्षण ऐसे बीते की संसार को भूलकर आनन्द के पलों में अनुभूत एवं अभीभूत हुए।

**''रक्तदान महादान। आओ हम इसे भीतर तक समझे और अपनायें।''**



## गणतंत्र दिवस के अवसर पर एड्स जागरूकता कार्यक्रम
## 26 जनवरी, 2014

समर्पण संस्था द्वारा ''एचआईवी/एड्स-जानकारी ही बचाव है'' विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन डॉ. भीमराव अंबेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महेश नगर, जयपुर में किया गया जिसमें नवयुवक, नवयुवतियों को उक्त विषय पर प्रशिक्षण देकर जागरूक किया गया।








## निःशुल्क जाँच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन
## 27 अप्रैल, 2014

समर्पण संस्था द्वारा डॉ. के.के. शांडिल्य के सहयोग से निःशुल्क जाँच एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया जिसमें काफी लोगों ने डायबिटीज एवं ब्लडप्रेशर आदि की जाँच करवाकर चिकित्सा परामर्श प्राप्त किया ।







## स्वतन्त्रता दिवस समारोह
## 15 अगस्त, 2014

समर्पण संस्था द्वारा संस्था कार्यालय पर स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ की गई। इस शुभ अवसर पर संस्था के सभी सदस्य एवं समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।







## वृक्षारोपण कार्यक्रम
## 24 अगस्त, 2014

समर्पण संस्था द्वारा प्रताप नगर स्थित पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथी क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती रामा शर्मा एवं संस्था सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण किया गया व वृक्षों की नियमित देखभाल कर अपने आस-पास अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लिया गया।







# संस्था सदस्यों की वार्षिक संगोष्ठी
## 4 दिसम्बर, 2014

समर्पण संस्था सदस्यों द्वारा वार्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया । संस्था सदस्यों ने संस्था द्वारा आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों के विषय में विचार –विमर्श किया एवं रूपरेखा तैयार की ।










# Once Soldier Always Soldier



Col (Retd) S.S. Shekhawat
(Pattern Member Samarpan Sansth & Retired Indian Army)

This paper is devoted to all those youth who are looking for an opportunity to serve the mother land. Who are intelligent and enthusiastic? Who are courageous and energetic? Who are competent but humble? Who are competitive yet cooperative? Who possess many such qualities and looking for a noble job. The only one for them is soldiering. It is said that lord Krishna possessed all qualities, maximum a human can. He was a perfect incarnation. These qualities are nothing but characteristic of a good leader. We try to inculcate the same in a soldier. We try to make him a perfect genteel man. That's why we call an army officer a genteel man. Yes I am talking about a career as an army officer. There can be nothing better than soldiering for a capable young man/woman. What more a youth can dream than a life full of adventures and opportunities. A life totally dedicated to the mother land. Here is an opportunity to guard the nation and protect fellow citizens. This gives a feel of dignity and self respect. This is the profession of those who believes in merit and self confidence. This gives equal opportunities to all. There is no discrimination on behalf of region, religion or caste. We are truly secular and believer of



democracy. We are the example of unity in diversity. So what are you waiting for? All the youth possessing required qualification is eligible for commissioning in the army. They have to qualify required examinations as per their entries. The entry can be chosen as per their age and qualification. All candidates have to qualify a written examination followed by a personality test. After passing both examinations a selected candidate is sent for training. On completion of training a cadet is commissioned as a lieutenant. Academy trains all cadets as a potential general yet his scope depends upon his capabilities. But an officer minimum retires as a colonel provided he qualify promotion tests and recommended by his chain of command. It is not all about profession only. An armed forces officer enjoys a good social and family life also. All cantonments have family accommodation along with good civil amenities. We have our own schools, hospitals and amusement facilities. Our unit is a family where commanding officer is a fatherly figure. A unit has its own mess. All cantonments have an officer's institute where social functions are organized. An officer gets good retirement benefits for his post retirement settlement. Medical and canteen facility remains intact after retirement also. After retirement on behalf of experience you can get a job also. Director General of resettlement provides vocational training and helps in getting it. What more this is the only service which commands highest respect whole life, May it be during service or after retirement. I wish to be a soldier in my all births. So I call once soldier always soldier.



# Onus Design

**COMPLETE ARCHITECT WORK**
**PLANING, 3D VIEWS, INTERIOR & EXTERIOR VIEW**



Ar. Mukesh Kumar Jangid



Plot No. 52-53, Janakpuri-I, Imli Wala Phatak, Jaipur • M.: 9461070103
Email : onusdesign1985@gmail.com, bhuvikjmukesh@gmail.com




Shyobux
+91-9414405321



Anil
+91-9414160996

# GREEN BRICKS INDUSTRIES



Email : greenbricksinduestries@gmail.com
322 A, Goverdhan Nagar, Bambala Pulia, Tonk Road, Jaipur (Raj.)

# बना दें सुखमय ये संसार



रामलाल 'रोशन'
(जयपुर)



करें मानवता का श्रृंगार, करें हम मानवता से प्यार ।
प्यार तन मन में बस जाये, बना दें सुखमय ये संसार ।
1. जहाँ में कदम कदम पे हम, बने सहयोगी मानव के ।
किसी का मन मजबूत करें, किसी को दें गुर जीवन के ।
गिरे जब मानवता की साख, बनें मानवता की पतवार ।
प्यार तन मन में बस जाये, बना दें सुखमय ये संसार ।
2. समर्पित भाव रखें हरदम, समर्पण करते ही जायें ।
किसी का दिल ना दुखाएं हम, सभी के दिल में बस जायें ।
दिलों में नफरत ना आये, रहे बस खुशियों की भरमार ।
प्यार तन मन में बस जाये, बना दें सुखमय ये संसार ।
3. जो मन में प्यार भरा हो तो, खिले जीवन का ये मधुबन ।
कि मौसम बदल बदल जाये, हवाएं भी गाये सरगम ।
करें ईश्वर से विनती ये, सभी का "रोशन" हो संसार ।
प्यार तन मन में बस जाये, बना दें सुखमय ये संसार ।



## जयपुर मैराथन में भागीदारी
## 25 जनवरी, 2015

समर्पण संस्था सदस्यों ने जयपुर मैराथन में हिस्सेदारी ली। काफी सर्दी एवं कोहरा होने के बावजूद भी संस्था सदस्यों ने उत्साह के साथ मैराथन में हिस्सा लिया। मैराथन रामनिवास बाग से शुरू होकर जवाहर लाल नेहरू मार्ग होते हुए जवाहर सर्किल पर समाप्त हुई।







## गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन
## 26 जनवरी, 2015

समर्पण संस्था द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन संस्था के प्रधान कार्यालय पर किया गया।







## रक्त दान शिविर का आयोजन
## 15 फरवरी, 2015

समर्पण संस्था एवं स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अथिति श्रीमती रामा शर्मा एवं बगरू विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री कैलाश वर्मा उपस्थित थे । रक्तदान शिविर में महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा कुल 61 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया ।








## पक्षियों के लिए परिंडों की व्यवस्था
## 24 मई, 2015

मानवता व परोपकार के लिए समर्पित समर्पण संस्था द्वारा तपती गर्मी से बेहाल पक्षियों के लिए संस्था कार्यालय के सामने संस्था के सदस्यों द्वारा 192/38, सेक्टर-19, प्रताप नगर के पार्क नं.-2 व 195 सेक्टर के खड्डे वाले पार्क में परिंडे बाँधे गये। इस अवसर पर संस्था सदस्यों के अलावा पार्षद श्रीमती रामा शर्मा, समाजसेवी श्री राकेश बैरवा, वरिष्ठ नागरिक, गणमान्य व्यक्तिएवं बच्चे भी मौजूद रहे ।







# शिक्षा सहायता, स्मारिका विमोचन एवं समाजसेवी सम्मान समारोह
## 1 अगस्त, 2015

समर्पण संस्था द्वारा सूचना केंद्र में शिक्षा सहायता, स्मारिका विमोचन एवं समाजसेवी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें संस्था द्वारा गरीब बच्चों को शिक्षा सामग्री का वितरण किया गया तथा साथ ही संस्था द्वार अब तक किये गये कार्यक्रमों की गतिविधियों के विवरण सहित स्मारिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में संस्था द्वारा समाजसेवी सम्मान समारोह रखा गया जिसमें प्रबुद्ध समाजसेवियों का संस्था द्वारा सम्मान किया गया।


























# स्वतन्त्रता दिवस समारोह
## 15 अगस्त, 2015

समर्पण संस्था द्वारा संस्था कार्यालय पर स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ की गई । इस शुभ अवसर पर संस्था के सभी सदस्य एवं समाज के गणमान्य व्यक्तिउपस्थित थे ।

















## ''जाति विनाश– भारत विकास'' परिचर्चा
## 3 अक्टूबर, 2015

समर्पण संस्था व अम्बलिकिंग फाउण्डेशन की ओर से एक 'जाति विनाश–भारत विकास' विषय पर परिचचा मंगलम जयपुर टेक्सटाईल मार्केट, जगतपुरा स्थित अम्बलिंकिंग फाउण्डेषन के कॉफ्रेंस हॉल में आयोजित की गई। इस परिचर्चा में जयपुर के अनेक सामाजिक कार्यकर्ता, संस्था प्रतिनिधि, जातिगत महासभाओं के प्रतिनिधी, प्रशासनिक अधिकारी आदि ने भाग लिया।









### खुशियाँ ढूँढी, दूसरों को खुशी देकर..

एक औरत बहुत महँगे कपड़ो मे अपने मनोचिकित्सक के पास जाती है और उसे कहती है कि उसे लगता है कि उसका पूरा जीवन बेकार है, उसका कोई अर्थ नही है। वे उसकी खुशियाँ ढूँढने मे मदद करे।


मनोचिकित्सक ने एक बूढ़ी औरत को बुलाया जो वहाँ साफ–सफाई का काम करती थी और उस अमीर औरत से बोला – ''मैं मैरी से तुम्हे यह बताने के लिए कहूँगा कि कैसे उसने अपने जीवन मे खुशियाँ ढूँढी। मै चाहता हूँ कि आप उसे ध्यान से सुने।''

तब उस बूढ़ी औरत ने अपना झाडू नीचे रखा, कुर्सी पर बैठ गई और बताने लगी – ''मेरे पति की मलेरिया से मृत्यु हो गई और उसके 3 महीने बाद ही मेरे बेटे की भी सड़क हादसेमें मौत हो गई। मेरे पास कोई नहीं था। मेरे जीवन मे कुछ नहीं बचा था। मै सो नहीं पाती थी, खा नही पाती थी, मैंने मुस्कुराना बद कर दिया था।

मै खुद का जीवन लेने की तरकीबे सोचने लगी थी। तब एक दिन, एक छोटा बिल्ली का बच्चा मेरे पीछे लग गया जब मै काम से घर आ रही थी। बाहर बहुत ठंड थी इसलिए मैंने उस बच्चे को अदर आने दिया। उस बिल्ली के बच्चे के लिए थोड़े से दूध का इतजाम किया और वह सारी प्लेट सफाचट कर गया। फिर वह मेरे पैरो से लिपट गया और चाटने लगा।

उस दिन बहुत महीनो बाद मै मुस्कुराई। तब मैने सोचा अगर इस बिल्ली के बच्चे की सहायता करना मुझे खुशी दे सकता है, तो हो सकता है दूसरो के लिए कुछ करके मुझे और भी खुशी मिले। इसलिए अगले दिन मै अपने पड़ोसी, जो कि बीमार था, उसके लिए कुछ बिस्किट्स बना कर ले गई। हर दिन मै कुछ नया और कुछ ऐसा करती थी जिससे दूसरो को खुशी मिले और उन्हे खुश देख कर मुझे खुशी मिलती थी। आज, मै किसी को नही जानती जो मुझसे बेहतर खाता–पीता हो और चैन से सोता हो। मैंने खुशियाँ ढूँढी है, दूसरों को खुशी देकर।

यह सब सुन कर वह अमीर औरत रोने लगी। उसके पास वह सब था जो वह पैसे से खरीद सकती थी पर उसने वह चीज खो दी थी जो पैसे से नही खरीदी जा सकती। हमारा जीवन इस बात पर निर्भर नही करता कि हम कितने खुश है अपितु इस बात पर निर्भर करता है कि हमारी वजह से कितने लोग खुश है।



# परोपकार स्वतः हो

रामकुमार 'सेवक'
(दिल्ली)

परोपकार दो शब्दों के संयोग से बना है, 'पर' और 'उपकार'। 'प' का अर्थ है – 'अन्य' या 'पराया' और 'उपकार' का अर्थ है – 'भलाई'। परोपकार का सामान्य अर्थ – दूसरों की भलाई करना।

परोपकार की अपनी महिमा है। मनीषियों ने परोपकार को धर्म की संज्ञा दी है तथा इसे जीवन का अनिवार्य अंग बनाने का आग्रह किया है। किसी विशेष युग में ही ऐसी मान्यता रही हो, ऐसी बात नहीं है। हर युग में परोपकार को, आदर्श जीवन का अनिवार्य अंग माना जाता रहा है।



लेकिन 'पर' की अर्थात् 'परायेपन' की भावना गिरावट की निशानी है तथा अध्यात्म में तो 'आत्मा' है, 'स्व' है, 'पर' कोई है ही नहीं।

मानव मन में प्रायः दो भाव ही उठते हैं – 'स्व' भाव तथा 'पर' भाव। 'स्व' भाव में सब कुछ अपना और 'पर' भाव में सब कुछ पराया है। ये दोनों ही भाव मनुष्य को प्रभु की ओर प्रेरित करते रहे हैं। परन्तु अध्यात्म में 'पर' का कोई स्थान नहीं है। वहाँ तो 'स्व' है, आत्म है। 'स्व' का भाव व्यक्ति को स्वार्थी बनाता है। जबकि 'पर' भाव उसमें परसेवा, पर उपकार का भाव पैदा करता है। स्वार्थी होना अच्छा नहीं जबकि परोपकारी होना अच्छा माना जाता है।

एक छोटी बच्ची ने अपने से कुछ छोटे बच्चे को पीठ पर सवार कर रखा था। बच्ची के ऊपर बच्चा लदा देखकर एक सज्जन उस बच्ची से बोले, ''गुड़िया रानी, इस बच्चे को उतार क्यों नहीं देती, बहुत भारी होगा।'' वह बच्ची इठलाकर बोली, ''भारी नहीं है, यह तो मेरा भाई है।'' वह सज्जन निरुत्तर रह गये और सोचने लगे कि इस 5–7 किलो की बच्ची के ऊपर यदि दो किलो लोहा रख दिया जाए (जितना कि इस छोटे से बच्चे का वजन है) फिर भी क्या यह उसी सहजता से उसे उठा पाएगी? उन्होंने यह किया। बच्चे को अपनी गोद में ले लिया तथा बच्ची के हाथ में दो किलो लोहा दे दिया। और कुछ दूर साथ आने को कहा। बच्ची ने लोहा जमीन पर रख कर कहा, ''यह तो बहुत भारी है, मुझे मेरा भैया दे दीजिए।''

'स्व' भाव में बोझिल चीज भी बोझिल नहीं रहती और 'पर' भाव में हल्की चीज भी बोझिल हो जाती है। 'पर' भाव में व्यक्ति को प्रेरित किया जाता है कि परहित में जवानी लगाओ, परोपकार करो। यह प्रेरणा जब बहुत गहरी हो जाती है तो उसे अपने अलावा सभी परोपकार के पात्र लगने लगते हैं और स्वाभाविक ही अपने आपको दूसरों से श्रेष्ठ मान बैठता है। अपने आपको श्रेष्ठ मानने में मुझे कुछ बुराई नजर नहीं आती लेकिन जब वह अन्य सभी को निम्न मानने लगता है तो वह अपने आपको वह मानने लगता है जो कि वह होता नहीं और अपने आपको वह मान बैठता जो कि हम नहीं है, यही तो अभिमान है और यही अभिमान गिरावट की जड़ है। इसलिए महापुरुषों ने कहा कि भलाई करो पर ऐसे कि दायां हाथ करे तो बाएं को पता भी न चले। ऐसे किसलिए कहा गया?



ऐसा शायद इसलिए कहा गया ताकि मन में अभिमान न आ जाए कि मैंने परोपकार किया है। यदि हमें थोड़ा–सा भी यह अहसास है कि मैंने उस पर उपकार किया तो अभिमान स्वतः ही उत्पन्न हो जाएगा और यह भावना भी उत्पन्न होगी कि परोपकार के बदले मुझे कुछ मिलना चाहिए।

इसलिए परोपकार स्वतः होना चाहिए, उसे किया नहीं जाना चाहिए।

परोपकारी को तो भाई कन्हैया की भाँति होना चाहिए, पानी पिला रहे हैं परन्तु निष्काम भाव से और वह भी कोई भेदभाव रखे बगैर। अर्थात मित्र–शत्रु के भावों से भी ऊपर उठकर! उन्हें यह पता ही नहीं कि वे कितना बड़ा पुण्य कर रहे हैं और यही आदेश मेरा 'स्व' है, मेरा 'आत्मा' है। शेष कुछ नहीं! यह 'स्व' उपकार और 'आत्म' उपकार ही वास्तव में करने योग्य है। देखने वालों को भले ही परोपकर लगे परन्तु हमें परोपकार समझकर नहीं करना चाहिए क्योंकि हम इस योग्य है नहीं कि परोपकार कर सकें। तन, मन, धन के सहयोग से जो कार्य हो जाता है, उसे आत्म रूप में 'ब्रह्म' ही परिचालित करता है। वही ब्रह्म सृष्टि के सब पिंडों में है। इसलिए परोपकार हम करें नहीं बल्कि परोपकार स्वतः ही होना चाहिए।

**जब हम औरों को उनकी खुशियां देना शुरू कर देंगे...**
**तो हमारे जीवन में अपने आप ही खुशियां आना शुरू हो जाएगी...**
**और यही मानव जीवन का उद्देश्य भी है।**

# PLUMBER CONTRACTOR





**Bhagwan Sahay Bairwa**
**9829405406**
**8003517410**

**All types of Sanitory Fitting Works**

A-45, Nirmohi City, Keshavpura, Ajmer Road, Jaipur

# डेजी ऑरा हेल्थ क्लिनिक

A-48, शॉपिंग कॉम्पलेक्स, सेक्टर-7, सेंट जोसेफ स्कूल के पीछे, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर फोन : 0141-2791831 मो 7665081081

## अनुभवी चिकित्सक, स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं

## दन्त रोग चिकित्सक


## ऑरम डायग्नोस्टिक सेन्टर





सुविधाएँ: • डिजिटल एक्स-रे • ई.सी.जी. • समस्त खून की जाँच • पी.एफ.टी., • पेशाब की जाँच • मल की जाँच • वीर्य जाँच • एलाइजा (ELISA) • बलगम की जाँच • डेन्टल एक्स-रे

## दन्त रोग विशेषज्ञ




- दाँतो की नस का ईलाज (RCT)
- ऑरल सिस्ट सर्जरी
- डेन्टल इम्पलांट
- फिक्स दाँत एवं बत्तीसी
- जबड़ो के फैक्चर का ईलाज
- टेढ़े मेढ़े एवं बाहर निकले दाँतों का ईलाज
- मधुमेह रोग एवं अव्व रक्तचाप वाले मरीजों के लिए अवल दांत सर्जरी की विशेष सुविधा (डे-केयर)




**डेजी फॉमेसी (मेडिकल स्टोर)**



# सत्य का बोध


हरज्ञान सिंह

मुखी, ब्रांच – मछ की पीपली

संत निरंकारी मण्डल


सबसे उत्तम योनि मनुष्य की है और सभी जीवों का राजा होकर भी अधूरा है। अधूरा इसलिए क्योंकि इसने पूर्णता को प्राप्त नहीं किया है इसीलिए आज सारा जगत जल रहा है ओम शांति कहीं पर भी नजर नहीं आती है। इसका मूल कारण है हम सत्य को नहीं जानते हैं। महामानव गौतम बुद्ध, राजा जनक, मीराबाई, गुरु नानक ,महावीर स्वामी, नरसी भगत, कबीर, रविदास, राम, कृष्ण, ईसा मसीह व बहुत से गुरु पीर पैगंबरों ने इस सत्य को प्राप्त किया और जब इनको सत्य का बोध हो गया उसके बाद इन सभी ने सत्य का संदेश देने के लिए अपना सारा जीवन लगा दिया ।

हमारे जीवन में जब तक सत्य का बोध नहीं होता तब तक अशांति बनी रहती है पूर्ण अमन चैन आनंद नहीं आता चाहे भौतिक सुख हम कितने भी प्राप्त कर लें लेकिन उन सुखों के साथ–साथ मौत का डर हमेशा बना रहता है। तब समझ में आता है कि हमें सारे सुख नहीं मिले। जो मिले हैं वह अधूरे हैं और जब जीवन में सत्य की अनुभूति हो जाती है तब शांति का वास होता है और स्थाई सुख का संचार हमारे हृदय में उतर जाता है फिर मौत का डर नहीं होता आज हमारे आस–पास या देश देशांतर में चंद सिक्कों के खातिर इंसान अपनी इंसानियत खो देता है और अपने मानवीय मूल्यों को दाव पर लगा देता है। हाँ वह कुछ खोकर कुछ प्राप्त कर लेता है लेकिन उसके मन के अंदर एक ग्लानि हमेशा बनी रहती है कि मैंने उस वर्ग विशेष को गिराया, उसे सताया इसलिए वह जैसे कर्म करने के लिए आया उस मूल कर्म से बहुत भटक जाता है बहुत दूर चला जाता है और एक तरफ जहाँ सत्य है वहाँ दया है जो कि धर्म का मूल है जड़ है धर्म धारण करने की एक अवस्था है हमारे जीवन में हमने क्या क्या धारण किया है वह धर्म बन जाता है आज हर वर्ग धर्म में एक दूसरे को नीचा दिखा कर ऊंचा होने की होड़ में लगा हुआ है। चाहे वह राजनीतिक हो या सामाजिक हो, क्षेत्रीयता हो चाहे कोई संस्था हो या कोई डिपार्टमेंट सभी जगह एक दूसरे को तिरस्कार की भावना से देखा जा रहा है जो सरासर गलत है। हम किसी को जब नीचे दबा रहे होते हैं उस समय उसको तो नीचा करते ही हैं हम खुद भी नीचे होते हैं और दूसरी ओर जब हम किसी गरीब असहाय को ऊपर उठा रहे होते हैं उसको ऊपर उठाते ही है साथ में हम भी ऊंचे होते हैं।

कुछ धर्म के ठेकेदार यह समझ बैठते हैं कि हम इस वर्ग को गिराते हैं तो हम ऊपर जाएंगे लेकिन यह जब होता है तब वह सत्य को नहीं जानते सच से दूर होते हैं जब हम सत्य के समीप होते हैं और इस परम सत्ता को जान लेते हैं इसका बोध हमारे हृदय में होता है तब किसी भी वर्ग विशेष का बुरा नहीं सोचते और न ही कर पाते हैं जिस प्रकार बादल जब जब बरसा करते हैं उनके अंदर समानता का भाव रहता है वह हर किसी वर्ग विशेष के ऊपर बरसा करेंगे और प्रकृति में बहुत सी ऐसी चीजें हैं वृक्षों को ही लें सबके लिए ठंडक देंगे छाया देंगे फल देंगे नदियों को लें और भी प्रकृति में बहुत सी ऐसी चीजें हैं जो समानता में अपना कार्य करते हैं जैसे सूर्य, चंद्र, तारे, जमीं, आकाश, जलवायु यह सब समानता में कार्य कर रहे होते हैं लेकिन उत्तम योनि इंसान क्यों नहीं करता। वह इसलिए नहीं कर पाता है कि वह सत्य से बहुत दूर चला गया है और सारी धरती पर इंसान के अंदर एक तिरस्कार का भाव पैदा हो गया है जो हमारे खुद के लिए हानिकारक साबित हो रहा है। कहीं धर्मों की तो, कहीं जातियों की दीवारें हैं, कहीं मजहब की दीवारें हैं तो कहीं नस्लभेद है वर्ग का तो कहीं क्षेत्र का है इसके कारण इंसान एक दूसरे का अहित कर रहा है और जहां हम किसी इंसान को किसी भी तरह की क्षति पहुंचाते हैं तो वह एक राष्ट्र के निर्माण में बाधक होता है और जहां हम किसी वर्ग विशेष को नीचा दिखा रहे होते हैं या नीचे गिराने की बात कर रहे होते हैं वहाँ हम यह नहीं सोचते कि कोई हमको भी तो नीचे गिरा सकता है। ऐसी यह गिराने की भावना हम इंसानों में बहुत पहले से है उसको निकालने में गुरु पीर पैगंबरों ने सदियों से प्रयास किये हैं और किये जा रहें हैं।

जहाँ सत्य को जानकर मानने वाले है वहाँ प्रेम, दया, करुणा, मिलवर्तन, समानता, संप्रभुता, समता, क्षमा सहनशीलता, वसुधैव कुटुंबकम की भावना को साथ लेकर चलते है वहीं एकता व एकत्व के भाव बन जाते है हर इंसान एक दूसरे का भला करते हैं। एक–दूसरे के हितों की रक्षा करते हैं और एक मानवता की डगर पर चलकर राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका अदा करते हैं। वे खुद भी सुखी रहते हैं और प्राणी मात्र को सुखी रखने का प्रयास करते हैं वह प्राणी फिर ऐसा साधारण इंसान बन जाता है जिसकी आज के परिवेश में राष्ट्र को बहुत ज्यादा जरूरत है।



आज शासन हो या प्रशासन, संस्था हो या चौपाल, घर हो या दफ्तर, सभी जगह एक वर्ग संघर्ष की स्थिति पैदा हो गई है इसका मूल कारण इंसान स्वार्थी हो गया है अपने निजी स्वार्थों के कारण दूसरे इंसान का अहित करता है जो किसी राष्ट्र या देश के लिए हानिकारक है जब–जब वर्ग संघर्ष होता है इंसान बंटता है और उनके अंदर मतभेद बन जाता है जिससे दोनों ही पक्षों को हानि होती है चाहे वह कितना भी बड़ा राष्ट्र है या कितना भी बड़ा वर्ग हो। वह उस समय यह भूल जाता है कि मैं किसी को गिरा रहा हूँ तो कोई मुझे भी गिरा सकता है। और दूसरी तरफ जहाँ प्रकृति में बहुत से जीव जंतु हैं 8400000 योनियों में जिनका वर्गीकरण है इतिहास गवाह है वे जीव जंतु कोई ऐसा कार्य नहीं करते न ही उनमें वर्ग संघर्ष होता है और शांति से जीवन यापन करते हैं। वे अपनी मर्यादा कभी नहीं भूलते और दूसरी तरफ इंसान अपनी सारी मर्यादाएँ समय काल को देखते हुए भूल चुका है और इंसानियत को खो बैठा है।

मैंने सारे शास्त्र उपनिषद वेद ग्रंथो व सभी धर्मो का अवलोकन किया। बहुत से महामानव महापुरुषों को सुनने के बाद इस निष्कर्ष पर पहुंचा और समझा। यहां पर एक ही बात समझ में आई यदि हम किसी को कोई चोट पहुंचाते हैं, दुख देते हैं, तो हम स्वयं दुखी होते हैं और दुखों को बुलावा देते हैं और जहां हम किसी को सुख देकर सुख पहुंचाने का काम करते हैं तो हमारे जीवन में सारे सुख ही सुख रहते हैं तथा औरों को तो सुखी करते ही हैं खुद भी सुखी होते हैं।

*सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया ।*
*सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चित् दुःख भाग भवेत्।।*

मैं समझता हूँ इसमें कोई त्रुटि रही होगी जो आपके हृदय को चुभन दे रही हो उसके लिए हृदय से क्षमा प्रार्थी हूँ।

# 6 वां वार्षिक अधिवेशन
## 9 जनवरी, 2016

समर्पण संस्था द्वारा हर वर्ष की भांति 6 वें वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया जिसमें संस्था के पदाधिकारियों के अलावा प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया तथा संस्था में संचालित गतिविधियों में आवश्यक सुधार पर विस्तृत परिचर्चा की गयी। तथा आगामी वर्ष में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई।









## ''संवेदनशीलता''

एक पोस्टमैन ने एक घर के दरवाजे पर दस्तक देते हुए कहा,'' चिट्ठी ले लीजिये।'' अंदर से एक बालिका की आवाजआई'' आ रही हूँ। ''लेकिन तीन–चार मिनट तक कोई नआया तो पोस्टमैन ने फिर कहा, ''अरे भाई! मकान मे कोई है क्या, अपनी चिट्ठी ले लो।''लड़की की फिर आवाजआई,'' पोस्टमैन साहब, दरवाजे के नीचे से चिट्ठी अंदर डालदीजिए,मै आ रही हूँ।''पोस्टमैन ने कहा,'' नहीं, मै खड़ा हूँ,रजिस्टर्ड चिट्ठी है, पावती पर तुम्हारे साइनचाहिये।''करीबन छह–सात मिनट बाद दरवाजा खुला।पोस्टमैन इस देरी के लिए झल्लाया हुआ तो था ही औरउस पर चिल्लाने वाला था ही, लेकिन दरवाजा खुलते हीवह चौंक गया, सामने एक अपाहिज कन्या जिसके पावनही थे, सामने खड़ी थी। पोस्टमैन चुपचाप पत्र देकर और उसके साइन लेकर चला गया।हफ्ते, दो हफ्ते मे जब कभी उस लड़की के लिए डाक आती, पोस्टमैन एक आवाज देता और जब तक वह कन्या न आती तब तक खड़ा रहता।एक दिन उसने पोस्टमैन को नगे पाँव देखा।दीपावली नजदीक आ रही थी।उसने सोचा पोस्टमैन को क्या ईनाम दूँ।एक दिन जब पोस्टमैन डाक देकर चला गया, तब उस लड़की ने, जहाँ मिट्टी मे पोस्टमैन के पॉव केनिशान बने थे, उन पर कागज रख कर उन पाँवो का चित्र उतार लिया।अगले दिन उसने अपने यहाँ काम करनेवाली बाई से उस नाप के जूते मंगवा लिये।दीपावली आई और उसके अगले दिन पोस्टमैन ने गली के सब लोगो सेतो ईनाम माँगा और सोचा कि अब इस बिटिया से क्याइनाम लेना? पर गली मे आया हूँ तो उससे मिल ही लूँ।उसने दरवाजा खटखटाया। अंदर से आवाजआई, ''कौन?'' पोस्टमैन, उत्तर मिला।बालिका हाथ मे एक गिफ्ट पैक लेकर आई और कहा,'' अकल,मेरी तरफ से दीपावली पर आपको यह भेंट है।''पोस्टमैन ने कहा,'' तुमतो मेरे लिए बेटी के समान हो, तुमसे मै गिफ्ट कैसे लूँ?''कन्या ने आग्रह किया कि मेरी इस गिफ्ट के लिए मना नही करे।'' ठीक है कहते हुए पोस्टमैन ने पैकेट लेलिया।बालिका ने कहा,''अकल इस पैकेट को घर ले जाकर खोलना।घर जाकर जब उसने पैकेट खोला तो विस्मित रह गया, क्योंकि उसमे एक जोड़ी जूते थे। उसकी आँखे भर आई।अगले दिन वह अश्वफिस पहुचा और पोस्ट मास्टर से फरियाद की कि उसका तबादला फौरनकर दिया जाए।पोस्टमास्टर ने कारण पुछा, तो पोस्टमैन ने वे जूते टेबल पर रखते हुए सारी कहानी सुनाई और भीगी आँखो और रुंधे कंठ से कहा,'' आज के बाद मैं उसगली मे नही जा सकूँगा।उस अपाहिज बच्ची ने तो मेरे नगे पाँवो को तो जूते दे दिये पर मै उसे पाँव कैसे दे पाऊँगा?''

संवेदनशीलता का यह श्रेष्ठ –टात है। संवेदनशीलता यानि, दूसरो के दु ख–दर्द को समझना, अनुभव करना और उसके दु ख–दर्द मे भागीदारी करना, उसमे शरीक होना।यह ऐसा मानवीय गुण है जिसके बिना इंसान अधूरा है।

ईश्वर से प्रार्थना है कि वह हमे संवेदनशीलता रूपी आभूषण प्रदान करे ताकि हम दूसरो के दु ख–दर्द को कमकरने मे योगदान कर सके। संकट की घड़ी मे कोई यह नही समझे कि वह अकेला है, अपितु उसे महसूस हो किसारी मानवता उसके साथ है।जब रोगी पूरी तरह अच्छा हो गया तो उसे कुछ रूपये देकर विदा किया।

# गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन
## 26 जनवरी, 2016

समर्पण संस्था द्वारा गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जनाब अब्दुल सलाम जौहर ने झण्डारोहण के साथ की। इस अवसर पर संस्था द्वारा ''राष्ट्र विकास में शिक्षित व सम्पन्न वर्ग का दायित्व'' विषयक विचारमाला रखी गई जिसमें प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने उक्त विषय पर अपने विचार रखे।





















# रक्त दान शिविर का आयोजन
## 28 फरवरी, 2016

समर्पण संस्था द्वारा 5 वें रक्तदान शिविर का आयोजन स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक के सहयोग से प्रताप नगर सेक्टर –19 स्थित राजकीय विद्यालय में किया गया। शिविर का उद्घाटन संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष व प्रदेश कांग्रेस सचिव पंडित सुरेश मिश्रा ने फीता काटकर किया तथा सभी रक्तदाताओं को संस्था द्वारा प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर 'मानव शरीर का समाज के लिए योगदान' विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें उक्त विषय पर वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किये । शिविर के अंत में कुल 62 यूनिट रक्तस्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक द्वारा एकत्रित किया गया ।
























# शिक्षा सहायता, प्रतिभा व समाज गौरव सम्मान समारोह
## 7, जुलाई 2016




समर्पण संस्था द्वारा सरकारी स्कूलों में अध्यनरत जरूरतमंद व गरीब विद्यार्थियों की मदद के उद्देश्य से 'शिक्षा सहायता, प्रतिभा व समाज गौरव सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों को आवश्यकतानुसार शिक्षा सामग्री वितरित की गई तथा विभिन्न सामाजिक कार्यो से जुड़े प्रबुद्धजनों को संस्था की ओर से समाज गौरव सम्मान प्रदान करके सम्मानित किया गया।




























# रक्त दान शिविर का आयोजन
## 7 अगस्त, 2016

रॉयल जिम व समर्पण संस्था के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन र यल जिम परिसर में जिम के उद्घाटन के अवसर किया गया। शिविर की शुरुआत राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती सुमन शर्मा ने फीता काटकर की । संस्था की ओर से रक्तदाताओं को उपहार स्वरुप संस्था के स्मृति लोगो प्रिंटेड कप व प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। शिविर में कुल 67 यूनिट रक्तस्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक द्वारा एकत्रित किया गया ।















# स्वतन्त्रता दिवस समारोह
## 15 अगस्त, 2016

समर्पण संस्था द्वारा स्वतन्त्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत झण्डारोहण के साथ की गई। कार्यक्रम में संस्था की संचालित व आगामी गतिविधियों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई ।


















# समर्पण संस्था का "7वाँ वार्षिक अधिवेशन" व कैशलेस सोसाइटी के लिए डिजिटल जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम

## 18 दिसम्बर, 2016

समर्पण संस्था द्वारा संस्था के 7 वें वार्षिक अधिवेशन पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आव्हान पर डिजिटल इंडिया के तहत 'कैशलेस सोसायटी के लिए डिजिटल जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम' का आयोजन किया गया जिसमें कैशलेस ट्रांजेक्शन की विस्तृत जानकारी के लिए विभिन्न क्षेत्रों के जानकारों द्वारा आम जनता के लिए निःशुल्क जानकारी उपलब्ध करवाई गई तथा साथ ही प्रोजेक्टर के माध्यम से भी सॉफ्टवेयर इंजीनियर द्वारा ऑनलाइन कैशलेस ट्रांजेक्शन के बारे विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सांसद श्री रामचरण बोहरा व राज्यसभा सांसद श्री रामकुमार वर्मा भी मौजूद रहे तथा सामाजिक हित के लिए आयोजित संस्था के इस कार्यक्रम की सराहना की।













# समर्पण संस्था बनाम् मानवता का धर्म





साध्वी मनीषा बहन
(समाजसेवी)

मुझे यह लिखते हुए गर्व होता है कि समर्पण संस्था सभी धर्मों से मुक्त है। इस संस्था के संस्थापक दौलत राम भाई जी और सभी सदस्य ह्रदय से मानवता के लिए समर्पित हैं। जब किसी संस्था का जाति–पाति, राजनीति या किसी भी धर्म से संबंध न रहे तो ऐसी संस्था ऊँचे से ऊँचे शिखर को पाती है। इसलिए नहीं कि धर्म नहीं है, बल्कि इसलिए कि धर्म के बिना झुकना आ जाए।

असली सवाल धर्म का नहीं है कि धर्म हो और एक सम्प्रदाय बनें। असली सवाल सच्ची श्रद्धा व सच्चे प्रेम से मानवता के उत्थान का है। सच्ची श्रद्धा एवं सच्चे प्रेम से ही मानवता का उत्थान हो सकता है तभी विश्व में शांति की स्थापना संभव है। जब भी मनुष्य धर्म के आधार पर बनाए गये मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च जाता है तो उसमें विराजमान परमात्मा, अल्लाह, वाहे गुरु, ईश्वर के सामने इसलिए झुकता है क्योंकि उसकी कोई न कोई महत्वाकांक्षा होती है, इच्छाएं होती हैं। लेकिन झुकना इंसान की फितरत नहीं है और न ही स्वभाव है। अगर वहां जाकर झुकने से परमात्मा छीनना शुरू कर दे या झुकने में हानि होती हो तो क्या कोई झुकेगा? स्वार्थ से जो झुका वह कैसा झुकना। यह तो स्वार्थ का व्यापार हुआ। सदैव ध्यान रखना स्वार्थ से मनुष्य का सिर झुकता है, ह्रदय नहीं। क्योंकि ह्रदय हिसाब नहीं जानता है। ह्रदय बिना हिसाब के झुकता है। ह्रदय तो कमजोर और नाजुक के सामने भी झुक जाता है। सिर नहीं झुकता। सिर है मनुष्य का अहंकार। ह्रदय यानी मनुष्य का सच्चा प्रेम और मानवता की सेवा।

सच्चा प्रेम स्वभाव होना चाहिए। तब धर्म के प्रेम मसीहा की मौजूदगी की जरूरत नहीं है। अगर इंसान के पास प्रेम ही नहीं है तो धर्म के प्रेम मसीहा की मौजूदगी कहां से पैदा होगी? जिस ह्रदय में सच्चा प्रेम है वही आस्तिक है और उस ह्रदय में ही मानवता का वास है। जहां भी उसकी नजर पड़ेगी वहीं सभी धर्मों के परमात्मा पैदा हो जाएंगे। सच्चे प्रेम से भरी हुई आंख जहां पड़ेगी वहीं मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे, चर्च निर्मित हो जाएंगे। जहां प्रेम से भरा हुआ ह्रदय धड़केगा, वहीं एक और नया काबा बन जाएगा, एक नयी काशी पैदा होगी। क्योंकि जहां सच्चा प्रेम है, वहीं परमानंद प्रकट हो जाता है।

असली सवाल धर्म का नहीं है, असली सवाल प्रेमपूर्ण ह्रदय का है। इसलिए समर्पण संस्था ने धर्म को चर्चा के बाहर छोड़ दिया और लाखों लोगों को ह्रदय से मानवता की सेवा के प्रति समर्पित होने का संदेश दिया। समर्पण संस्था ने कभी भी धर्म की बात ही नहीं उठाई और न मालूम कितने ह्रदयों को झुका दिया। जब वृक्ष फलों से लद जाता है तो झुक जाता है। इसलिए नहीं कि फलों के खाने वाले पास आ रहे हैं बल्कि अपने भीतर के अपूर्व सच्चे प्रेम बोझ से झुक जाता है। इसी प्रकार इंसान धर्म के कारण नहीं झुकता। अपने भीतर ह्रदय के सच्चे प्रेम बोझ के कारण झुक जाता है। समर्पण संस्था का नेक कर्म मानवता के लिए अमृत है जिसका रस लेकर उसकी शाखाएं शांति से, आनंद से और अपने ह्रदय के सच्चे प्रेमभाव से झुकने लगी हैं। अनाथ एवं जरूरतमंद बच्चों के लिए शिक्षा का प्रबंध करना और अपने पांव पर खड़ा करना, ब्लड डोनेशन, पक्षियों के लिए पानी का प्रबंध और सबकी सेवा, सबको प्यार एवं सम्मान इस संस्था का मुख्य लक्ष्य है। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष दौलत राम माल्या भाई जी ने समर्पण संस्था के लिए 450 वर्गगज का एक प्लाट दान करके अपने विशाल ह्रदय एवं मानवता के प्रति समर्पण भाव का उत्कृष्ठ उदाहरण पेश किया है। इस जमीन पर अनाथ बच्चों के रहने के लिए एक भवन निर्माण की योजना संस्था ने बनायी है। आओ हम सब भी समर्पण संस्था को अपनी इच्छानुसार दान देकर इस नेक कार्य में सहयोग करके पुण्य के भागी बने।





## SHREE BALAJI ENTERPRISES

*The Complete Interior Solution*



**Smart Modular Kitchen & Interiors**

Supplier of Kitchen Accessories & Hardware

1st Floor, Kamal Motors, Vijay Path, Mansarover,
Muhana Road, Dadudayal Nagar, Jaipur (Raj.)
Contact : 9001507505, 9001417694
Email : shreebalajienterprises1988@gmail.com

## 3D ART STUDIO

ARCHITECTURAL VISUALIZATION

- 3D Interior Designing
- Exterior Designing
- Logo Designing
- Brochure Designing
- Walkthrough Designing
- Advertisement Movies

*For More Information Please Contact :*

**SUBHASH KUMAWAT**
+91 95296 44343
subhash3d@yahoo.in

## इलेक्ट्रीकल कॉन्ट्रेक्टर



**शंकरलाल बैरवा**

(इलेक्ट्रीशियन एवं सहारा इण्डिया ऐजेन्ट)

**हमारे यहाँ सभी प्रकार की इलेक्ट्रीकल फिटींग जैसे ओपन, अंडरग्राउण्ड, मोडूलर फिटींग आदि का कार्य किया जाता है।**

प्लॉट नं. 31, विनायक विहार, कोकावास, सांगानेर, जयपुर
मो. 9829167272, 7976731892, 9829167272
E-mail : shankarlal@gmail.com

## P.O.P. CONTRACTOR

**Designer of False Ceiling, Gypsum Ceiling Corners Design, Bidding Work etc.**



**Ram Raj Singh**



Plot No. 33, Ganeshpuri Colony, Khatipura Road, Jaipur
Contact : 9636197546, 9549255493



# विकास सोमानी

(Advocate)

**उपाध्यक्ष**

**अर्न्तराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन (जयपुर जिला),**
**जयपुर**

67/81, सेक्टर–6, श्योपुर रोड़, प्रताप नगर,
टोंक रोड़, जयपुर
Mobile : 9672434343
Email : vsgroupind@gmail.com
Website : vsgroupind.com






**Hanuman Kumhar**
**9950363560**

**49-B, Kalyan Nagar, Rampura Road,**
**Sanganer, Jaipur**

**MANISH JAJOO**
**+91-9414058504**
**+91-8058280008**



**DINESH JAJOO**
**+91-9887487818**
**+91-8058280004**

# GOVINDAM

TILES & SANITARY

**A House of Ceramic Tiles, Sanitary & Bath Fitting**







**Naresh Saini**

# R.K.

## General & Gift Store

*Kitchen Appliances & Crockery Shop*



A-6, 80ft Road, Mahesh Nagar, Jaipur
9982022333, 8955555587

## संस्था की गतिविधियाँ 2017

### समर्पण संस्था की नवनिर्मित कार्यकारिणी की मीटिंग का आयोजन
### 07 जनवरी, 2017

समर्पण संस्था द्वारा हाल ही में नवगठित कार्यकारिणी की मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें कार्यकारिणी में नवगठित सदस्यों को उनके कार्यों व जिम्मेदारियों से अवगत करवाया गया तथा संस्था के कार्यों को और सुव्यवस्थित व सुचारू रूप से संचालित करने की रूपरेखा बनाने के लिए परिचर्चा की गयी । साथ ही संस्था के संस्थापक अध्यक्ष श्री डी.आर. माल्या द्वारा प्रस्तावित ''समर्पण आश्रय केयर'' भवन के लिए स्वयं का भूखंड संस्था को दान करने आव्हान किया गया ।














# गणतंत्र दिवस के अवसर पर निःशुल्क दन्त चिकित्सा व आई कैम्प तथा संस्था की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह

## 26 जनवरी, 2017

